
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गैस पाइप लाइन का कार्य अन्य स्थानों में भी आरम्भ किया जाए

**भेंट**

## सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजक्ट को लेकर सीएम से मिले गेल के अधिकारी

**संवाददाता**

देहरादून, आजखबर। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में गेल इंडिया लि. के अधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून व ऋषिकेश के लिए नेचुरल गैस पाइप लाइन व सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजक्ट की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेचुरल गैस पाइप लाईन के विस्तार में यह ध्यान रखा जाए कि इससे देहरादून, हरिद्वार व ऋषिकेश के शहर व उसके आस पास के गांव भी पूर्ण रूप से कवर हो जाए। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को रोजगार सृजन हो सकता इसका भी पूरा आकलन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना की प्रत्येक तीन माह में समीक्षा की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस पाइप लाईन से लोगों को काफी सुविधा होगी जबकि सी.एन.जी. स्टेशनों की स्थापना से सी.एन.जी. वाहनों



गेल इंडिया लि. के अधिकारियों के साथ बैठक करते सीएम।

की संख्या भी बढ़ेगी तथा इससे वाहनों से होने वाले प्रदूषण से भी दूनवासियों का छुटकारा मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। राज्य के मैदानी क्षेत्रों में आबादी का दबाव निरन्तर बढ़ रहा है। उसी क्रम में आगे भी वाहनों एवं आबादी का दबाव बना रहेगा, इसका बेहतर रास्ता सीएनजी ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर तथा देहरादून के बाद नैनीताल के साथ ही अन्य स्थानों में भी गैस पाइप लाइन का कार्य आरम्भ किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को गैस ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि गैस ईंधन कम खर्चीला तथा इको फ्रेन्डली है। इससे दूनवासियों के जीवन में निश्चित रूप में बदलाव आयेगा।

बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि हरिद्वार–ऋषिकेश–देहरादून पाइपलाईन प्रोजेक्ट (एचआरडीपीएल) के तहत 1500 करोड़ रूपये की लागत से 3 लाख पीएनजी कनेकक्शन दिये जायेंगे व 50 सीएनजी स्टेशन बनाये जायेंगे। इससे मुख्यतः ऋषिकेश, डोईवाला, विकासनगर, देहरादून, चकराता कालसी व त्यूनी क्षेत्र लाभान्वित होंगे। एचआरडीपीएल प्रोजेक्ट के तहत टेंडर व जियोटेक्निकल, टोपोग्राफिकल एवं हाइड्रोलॉजिकल का कार्य गतिमान है। देहरादून सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन गैस प्रोजक्ट के तहत चकराता, देहरादून, डोईवाला, कालसी, ऋषिकेश, त्यूनी व विकासनगर का लगभग 3088 वर्ग किमी क्षेत्र आच्छादित किया जायेगा, जिसकी लागत 1696 करोड़ रूपये है।

## न्यूज डायरी

### रेडक्रास सोसाइटी ने अतिवृष्टि प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान की

**संवाददाता** देहरादून/अल्मोड़ा। जिला अधिकारी व अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी अल्मोड़ा नितिन सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में रेडक्रास सोसायटी ने आज विकासखण्ड चौखुटिया के ग्राम खीड़ा में 02 जून को हुई अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान की। सोसायटी द्वारा प्रभावित 52 परिवारों को फैमिली किट प्रदान की गयी। इस फैमिलि किट में कम्बल, बैड़शीट, तौलिया, धोती, तिरपाल, बाल्टी, स्टोव और 25 बर्तनों का सैट शामिल था। सोसायटी के सदस्यों ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर प्रभावितों परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना और यह सहायता प्रदान की। सोसायटी के सचिव डा. सविता हयांकि ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में यह सहायता प्रभावितों को विवरित की जा रही है। रेडक्रास सोसायटी आपदा के दौरान प्रभावितों के साथ है तथा हर सम्भव सहायता के लिए प्रतिबद्व है।

### आईआरएस सिस्टम को बनाया जा रहा प्रभावशाली: गणनायक

**संवाददाता** देहरादून/रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तहत इन्सीडेन्ट रिस्पॉन्स सिस्टम को लेकर पूर्ण जिम्मेदारी, तैयारी व तत्परता से कार्य करना होगा। यह बात विशेषज्ञ राज्य आपदा प्राधिकरण बीबी गणनायक ने तहसील जखोली में स्थित तहसील सभागार में आईआरएस सिस्टम से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम को प्रभावी बनाने के लिये ग्रामीण स्तर तक लोगों को जागरूक कर कार्य करना होगा। आपदा की प्रकृति और प्रकार पर निर्भर करते हुए जिले में विभिन्न विभागों के प्रमुखों को अलग–अलग भूमिकाएं निभानी होगी।

### कीप इंडिया स्माइलिंग मिशन लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। कोलगेट का मानना है कि हर किसी का अधिकार है एक ऐसे भविष्य का जिसके बारे में वह मुस्कुरा सके। अपने ब्रांड के इस विश्वास को आगे बढ़ाते हुए कोलगेट पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने कीप इंडिया स्माईलिंग (किस) मिशन लॉन्च किया। यह हर साल 2 करोड़ लोगों को मूलभूत सहायता प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता है, ताकि उन्हें एक ऐसा भविष्य मिले जिसके बारे में वह मुस्कुरा सके। श्री इसाम बचलानी, मैनेजिंग डायरेक्टर, कोलगेट पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने कहा, ''कोलगेट में हमारा मानना है कि हर किसी का अधिकार है एक ऐसे भविष्य का जिसके बारे में वह मुस्कुरा सके और हमारा मानना है कि बेहतर भविष्य मजबूत आधार बनाकर सुनिश्चित किया जा सकता है।

## आधार कार्ड समस्या को लेकर कमिश्नर से मिले

**मुलाकात**

देहरादून। **संवाददाता**

जनसंघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कमिश्नर गढवाल बीबीआरसी पुरूषोत्तम से मुलाकात कर जनपद देहरादून के अधिकांश क्षेत्रों में आधार कार्ड बनवाने में आ रही परेशानियों को लेकर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

कमिश्नर पुरूषोत्तम ने भारत सरकार में यूआईडीएआई (यूनिक आईडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) नई दिल्ली के चेयरमैन के ओएसडी शुक्ला से फोन पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया। शुक्ला



ने कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

नेगी ने कहा जनपद देहरादून के अधिकांश क्षेत्रों में आधार कार्ड बनवाने हेतु मात्र एक–दो बैंकों को व डाकघर को अधिकृत किया गया है, जिस कारण क्षेत्र के लोगों को सुबह 05:00 बजे से पूरे दिन लाईन में लगना पड़ता है तथा बारी आने पर सम्बन्धित बैंक यह कहकर लौटा देते हैं कि एक दिन में मात्र 20 लोगों के ही आधार कार्ड बनेगें/संशोधित होंगे।

मोर्चा ने कमिश्नर से आग्रह किया कि सभी सीबीएस युक्त बैंकों में आधार कार्ड बनवाने की सुविधा प्रदान की जाए। मोर्चा को उम्मीद है कि शीघ्र ही आधार कार्ड सम्बन्धी समस्या दूर होगी।

## कृषि मंत्री ने दिवंगत मंत्री प्रकाश पंत को श्रद्धांजलि अर्पित की



दिवंगत कैबिनेट मंत्री प्रकाश पंत को श्रद्धांजलि अर्पित करते सुबोध उनियाल।

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के कृषि, कृषि विपणन, कृषि प्रसंस्करण, कृषि शिक्षा, उद्यान एवं फलोद्योग एवं रेशम विकास मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय प्रकाश पन्त के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# देहरादून के छात्रों ने इंटरनेशनल ओलिंपियाड में दिखाई अपनी प्रतिभा

**संवाददाता**

देहरादून। विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलिंपियाड 2018–19 में देहरादून के छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया। ओलंपियाड परीक्षा 2018–2019 में तीस देशो के 1400 शहरो से 50,000 स्कूलों के लाखों छात्र शामिल हुए। देहरादून से 24000 छात्रों ने इस ओलिंपियाड परीक्षा में हिस्सा लिया।

शहर से नेशनल साइंस ओलिंपियाड में दून इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा एक के छात्र प्रथ्वी ढाका और समर वैली स्कूल की छात्रा आराध्य चौधुरी ने इंटरनेशनल रैंक एक




पुरस्कार प्राप्त करते विजेता।

हासिल किया स इंटरनेशनल जर्नल नोव्लाजे ओलिंपियाड में दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा एक की छात्रा निवेदिता सिंह ने इंटरनेशनल रैंक 1 हासिल कियास अवार्ड के तौर पर छात्रों को सर्टिफिकेट और गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया। द इंडियन पब्लिक स्कूल राजावाला से नेशनल साइबर ओलिंपियाड में कक्षा ग्यारवी का छात्र मुदित लाल को रैंक तीन हासिल करने पर सर्टिफिकेट और ब्रोंजे मैडल से सम्मानित किया।

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने राजधानी दिल्ली में 2018–19 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले इंटरनेशनल ओलंपियाड के विजेता छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया।

## पहली बार होगा उत्तराखण्ड कॉमेडी टैलेंट हंट का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड में पहली बार देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और कॉमेडी मिर्ची की ओर से उत्तराखण्ड कॉमेडी टैलेंट हंट का आयोजन 29 व 30 जून को किया जा रहा है।

इस बारे में जानकारी देते हुए डीआईएफएफ के डायरेक्टर राजेश शर्मा ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में उत्तराखण्ड का नाम अब अनजान नहीं है, गायन, एक्टिंग से लेकर हर क्षेत्र में उत्तराखण्ड की प्रतिभाओं ने यहां का नाम रौशन किया है आज जो क्षेत्र अछूता है वह है कॉमेडी का। डीआईएफएफ उत्तराखण्ड वासियों को मौका दे रहा है कॉमेडी के क्षेत्र में नाम कमाने का। राजेश ने कहा कि कोई बड़ी बात नहीं है कि अगला कपिल शर्मा या भारती सिंह उत्तराखण्ड से हो। यह एक ऐसा प्लैटफार्म है जहां से प्रतिभागी के लिए और नए रास्ते खुलते है। कॉमेडी टैलेंट हंट में प्रतिभाग करने के लिए एक फार्म भर कर देना होगा जो देहरादून स्थित बैगइट कंसल्टिंग ग्रुप के रेसकोर्स सूरी चौक स्थित ऑफिस से लिया जा सकता है।